**भारत सरकार**

**कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- 2895**

**सोमवार, 21 मार्च, 2022 (30 फाल्गुन, 1943 (शक))**

**लघु औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान**

**2895. श्री डॉ. सुकान्त मजूमदारः**

क्या **कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार देश के ग्रामीण क्षेत्रों में तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लघु औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआईएस) की योजना लागू कर रही है**;**

(ख) यदि हाँ, तो पश्चिम बंगाल सहित तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है**;**

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान पश्चिम बंगाल में स्थापित आईटीआई का ब्यौरा क्या है और इस संबंध में कितनी निधि व्यय की गई है**;**

**उत्तर**

**कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री**

**(श्री राजीव चंद्रशेखर)**

(क) से (ग) कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के तहत लघु औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की कोई योजना नहीं है। तथापि, सरकार के पास पूरे भारत में 14,000 से अधिक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआइज) का विशाल नेटवर्क है। आईटीआइज की स्थापना तथा इसका संचालन संबंधित राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में है जबकि परीक्षा एवं प्रमाणन के साथ-साथ मानदंडो का निर्धारण तथा पाठ्यक्रम डिजाइन करना केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शिल्पकार प्रशिक्षण योजना के तहत संचालित होते हैं। देश भर में पश्चिम बंगाल सहित ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यशील आईटीआइज का ब्यौरा ***अनुबंध-I*** में दिया गया है।

(घ) पिछले चार वर्षों में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के तहत पश्चिम बंगाल सहित राज्य-वार नामांकित तथा प्रशिक्षित छात्रों की कुल संख्या ***अनुबंध-II*** में दी गई है।

(ङ) तथा (च) यूनाइटेड किंगडम, जर्मनी, संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान तथा दक्षिण कोरिया जैसे अन्य देशों की तुलना में हमारे देश में कुशल कार्यबल का प्रतिशत कम है। इसका मुख्य कारण औपचारिक कौशल प्रशिक्षण के साथ उपलब्ध अल्प कार्यबल तथा अनौपचारिक चैनलों के माध्यम से बड़े पैमाने पर कुशल अथवा अकुशल कार्यबल की उपलब्धता है।
निम्नलिखित सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं: -

- **राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ)** अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार पाठ्यक्रमों को संरेखित करना।
- मौजूदा कौशल की मैपिंग, कौशल-अंतराल को समझना, **री-स्किलिंग तथा अप-स्किलिंग** द्वारा आवश्यक सुधारात्मक उपाय करना।
- विभिन्न योजनाओं के तहत **उद्योग प्रासंगिक नियोजनीय कौशल** में प्रशिक्षण प्रदान करना।

- बदलती तकनीक तथा वैश्विक मांग के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए **इंटरनेट ऑफ थिंग्स, ड्रोन पॉयलट, जियो इंफॉर्मेटिक असिस्टेंट** जैसे न्यू एज पाठ्यक्रमों को शामिल करना।

*अनुबंध-I*

दिनांक 21.03.2022 के लिए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2895 के भाग (क) तथा (ख) के उत्तर से संदर्भित अनुबंध। देश के ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषकर पश्चिम बंगाल में शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (सीटीएस) के तहत चल रहे औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई)।

| **क्र. सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **ग्रामीण क्षेत्रों में कुल आईटीआइज की संख्या** |
|---|---|---|
| 1. | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 4 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 437 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | 5 |
| 4. | असम | 21 |
| 5. | बिहार | 1151 |
| 6. | चंडीगढ़ | शून्य |
| 7. | छत्तीसगढ़ | 185 |
| 8. | दादरा एवं नागर हवेली तथा दमन और दीव | 3 |
| 9. | दिल्ली | 15 |
| 10. | गोवा | 10 |
| 11. | गुजरात | 314 |
| 12. | हरियाणा | 272 |
| 13. | हिमाचल प्रदेश | 239 |
| 14. | जम्मू एवं कश्मीर | 39 |
| 15. | झारखंड | 276 |
| 16. | कर्नाटक | 983 |
| 17. | केरल | 406 |
| 18. | लद्दाख | 2 |
| 19. | लक्षद्वीप | 1 |
| 20. | मध्य प्रदेश | 533 |
| 21. | महाराष्ट्र | 910 |
| 22. | मणिपुर | 1 |
| 23. | मेघालय | 5 |
| 24. | मिजोरम | शून्य |
| 25. | नागालैंड | 3 |
| 26. | ओडिशा | 383 |
| 27. | पुद्दुचेरी | 7 |
| 28. | पंजाब | 250 |
| 29. | राजस्थान | 1329 |
| 30. | सिक्किम | 3 |
| 31. | तमिलनाडु | 444 |
| 32. | तेलंगाना | 188 |
| 33. | त्रिपुरा | 18 |
| 34. | उत्तर प्रदेश | 2285 |
| 35. | उत्तराखंड | 75 |
| ***36.*** | ***पश्चिम बंगाल*** | ***164*** |
| | **कुल** | **10,961** |

***अनुबंध - II***

दिनांक 21.03.2022 के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2895 के भाग (घ) के उत्तर से संदर्भित अनुबंध।

| **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **वित्तीय वर्ष-18-19** | | **वित्तीय वर्ष-19-20** | | **वित्तीय वर्ष-20-21** | | **वित्तीय वर्ष-21-22** | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **नामांकित** | **प्रशिक्षित/ प्रशिक्षण उन्मुख** | **नामांकित** | **प्रशिक्षित/ प्रशिक्षण उन्मुख** | **नामांकित** | **प्रशिक्षित/ प्रशिक्षण उन्मुख** | **नामांकित** | **प्रशिक्षित/ प्रशिक्षण उन्मुख** |
| अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 369 | 74 | 2,688 | 1,259 | 147 | 1,464 | 154 | 151 |
| आंध्र प्रदेश | 62,002 | 62.475 | 1,70,636 | 1,05,667 | 7,087 | 66,404 | 6,205 | 9,072 |
| अरुणाचल प्रदेश | 8,949 | 4,545 | 35,972 | 15,700 | 31,601 | 51,991 | 6,200 | 8,611 |
| असम | 61,358 | 49,854 | 3,36,461 | 1,98,896 | 2,27,325 | 3,62,506 | 14,087 | 21,306 |
| बिहार | 84,586 | 84,574 | 2,40,779 | 1,91,902 | 64,881 | 96,288 | 16,926 | 44,156 |
| चंडीगढ़ | 5,161 | 5,198 | 11,722 | 9,507 | 782 | 3,834 | 248 | 882 |
| छत्तीसगढ़ | 37,878 | 42,360 | 62,260 | 46,548 | 4,223 | 16,151 | 2,332 | 9,239 |
| दिल्ली | 64,344 | 81,488 | 2,01,768 | 1,46,205 | 6,896 | 55,121 | 12,239 | 18,172 |
| गोवा | 1,719 | 1,751 | 6,526 | 4,300 | 451 | 1,709 | 296 | 536 |
| गुजरात | 89,693 | 83,956 | 2,03,583 | 1,55,195 | 11,489 | 48,489 | 18,891 | 33,474 |
| हरियाणा | 1,11,949 | 1,15,364 | 2,13,289 | 1,75,386 | 5,531 | 55,319 | 10,907 | 14,379 |
| हिमाचल प्रदेश | 31,021 | 32,048 | 59,519 | 48,870 | 3,009 | 15,612 | 6,604 | 8,220 |
| जम्मू एवं कश्मीर | 43,449 | 35,455 | 1,71,809 | 1,22,659 | 4,225 | 58,927 | 14,077 | 14,824 |
| झारखंड | 40,127 | 36,487 | 1.52,044 | 1,20,103 | 6,185 | 15,124 | 5,558 | 30,590 |
| कर्नाटक | 1,10,922 | 1,10,111 | 2,17,053 | 1,65,247 | 11,496 | 53,089 | 15,793 | 20,375 |
| केरल | 37,590 | 35,973 | 1,06,840 | 78,523 | 5,193 | 31,077 | 6,250 | 9,858 |
| लद्दाख | 1,383 | 149 | 1,128 | 1,937 | 118 | 181 | 590 | 590 |
| लक्षद्वीप | - | - | 150 | 60 | 120 | 90 | - | 120 |
| मध्य प्रदेश | 1,16,641 | 1,54,478 | 3,00,336 | 2.23,483 | 33,399 | 95,403 | 20,065 | 42,145 |
| महाराष्ट्र | 1,80,372 | 1,65,352 | 7,60,480 | 6,36,833 | 15,277 | 1,48,352 | 24,414 | 29,191 |
| मणिपुर | 8,040 | 4,430 | 43,557 | 28,962 | 23,414 | 34,540 | 2,862 | 3,716 |
| मेघालय | 9,793 | 7,117 | 18,147 | 11,999 | 9,944 | 17,769 | 2,438 | 1,599 |
| मिजोरम | 7,742 | 3,062 | 12,953 | 10,837 | 7,140 | 11,433 | 3,784 | 4,205 |
| नागालैंड | 3,195 | 1,422 | 24,113 | 17,364 | 6,615 | 14,399 | 469 | 679 |
| ओडिशा | 97,539 | 89,011 | 3.01,065 | 2,39,050 | 12,097 | 68,828 | 7,188 | 10,756 |
| पुदुचेरी | 5,875 | 6,317 | 8,329 | 7,172 | 1,324 | 3,241 | 900 | 1,472 |
| पंजाब | 53,968 | 63,732 | 1,44,497 | 97,681 | 11,474 | 57,054 | 8,914 | 17,097 |
| राजस्थान | 1,35,307 | 1,38,923 | 5,18,614 | 4,46,900 | 38,507 | 97,762 | 16,500 | 36,862 |
| सिक्किम | 3,812 | 1,932 | 5,493 | 5,123 | 2,395 | 3,634 | 661 | 1,192 |
| तमिलनाडु | 1,15,534 | 1,23,422 | 2,48,630 | 1,85,108 | 6,824 | 72,404 | 19,976 | 22,007 |
| तेलंगाना | 54,613 | 57,648 | 1,38,763 | 1.08,145 | 7,836 | 33,999 | 5,895 | 11,128 |
| दादरा एवं नागर हवेली तथा दमन और दीव | 3,938 | 3,377 | 4,224 | 5,338 | 250 | 222 | 2 | 252 |
| त्रिपुरा | 9,768 | 7,549 | 72,158 | 50,388 | 24,083 | 46,676 | 3,695 | 2,801 |
| उत्तर प्रदेश | 3,26,419 | 3,03,099 | 8,21,742 | 6,56,829 | 60,481 | 2,39,286 | 32,548 | 64,469 |
| उत्तराखंड | 45,786 | 46,864 | 89,510 | 68,250 | 3,273 | 29,412 | 7,700 | 9,809 |
| ***पश्चिम बंगाल*** | ***83,495*** | ***80,609*** | ***2,29,515*** | ***1,77,880*** | ***9,583*** | ***53,221*** | ***8,348*** | ***28,525*** |
| **कुल** | **20,54,337** | **20,40,206** | **59,36,353** | **45,65,306** | **6,64,675** | **19,61,011** | **3,03,716** | **5.32,460** |

*****